Title: Demand to protect the villages from the erosion by the Ganga river in the Bhagalpur district of Bihar.

श्रीमती रेनु कुमारी (खगड़िया) : अध्यक्ष महोदय, मैं अपने क्षेत्र की बात उठा रही हूं, उनका अपना अलग मामला है। बिहार प्रदेश के जिला भागलपुर में गंगा के कटाव से भयंकर तबाही मची हुई है। भागलपुर जिला के उत्तरी क्षेत्र गंगा नदी के उत्तर पार नवगछिया अनुमंडल क्षेत्र में इसमाइलपुर प्रखंड के इतमादतपुर, कमला कुंड, फुलकिया एवम् गोपालपुर प्रखंड के बाबुटोला कमला कुंड, बुधुचक, विन्द टोला, अरारी नितटंगा, शैदपुर, ग्राम तथा कटिहार जिला के बरारी प्रखंड में काढ़ा गोला, जरलाही, जौनियां तथा मनीहारी प्रखंड के कई गांव एवम् हजारों एकड़ कृाि भूमि गंगा के उत्तरी किनारे में भयंकर कटाव से तबाही मची हुई है। कोसी नदी से खगड़िया जिले में भयंकर कटाव हुआ है। कुछ गांव पूरी तरह नट हो गए हैं और कुछ गांव बचे हुए हैं। मैंने पिछले सत्र में भी इस मुद्दे को उठाया था और आज फिर उठा रही हूं। मैं आपके माध्यम से केन्द्रीय सरकार से आग्रह करना चाहती हूं कि इस ओर ध्यान दिया जाए। बिहार सरकार बिल्कुल भी इस ओर ध्यान नहीं दे रही है। इसलिए वहां एक केन्द्रीय जांच दल को भेजा जाए, जो कटाव से हुई क्षति का आकलन करे। मुझे मालूम हुआ है कि केन्द्र सरकार ने कटाव रोधी कार्य के लिए 17 करोड़ रुपए आबंटित किए हैं। केन्द्र सरकार बिहार सरकार को भी लिखे कि इस ओर क्यों नहीं काम हो रहा है। अगर नहीं हो रहा है तो आप अपने माध्यम से सीमा सड़क संगठन के माध्यम से कटाव रोधी कार्य करने का काम करें।